कृति सैनन और अपारशक्ति खुराना के लिए टूर गाइड बने कार्तिक आर्यन

बॉलिवुड के उभरते हुए ऐक्टर कार्तिक आर्यन की जिंदगी में ग्वालियर शहर की खास जगह है। ग्वालियर कार्तिक का होमटाउन है और उनकी पैदाइश और पालन-पोषण इसी शहर में हुआ है। हाल में कार्तिक की अगली फिल्म लुका छुपी की शूटिंग के लिए कार्तिक अपने शहर ग्वालियर पहुंचे। उनके साथ उनके को-स्टार कृति सैनन और अपारशक्ति खुराना भी थे। इस शहर में होस्ट होने के नाते कार्तिक अपने दोनों को-स्टार्स के लिए गाइड बन गए। कार्तिक अपने इन को-स्टार्स को ग्वालियर की मशहूर जगहों जैसे ग्वालियर किला और गूजरी महल जैसी जगहों पर घुमाने के लिए लेकर गए। इसके अलावा इन तीनों को ग्वालियर शहर में स्ट्रीट फूड इंजॉय करते हुए भी देखा गया। घूमने-फिरने के बाद कृति और अपारशक्ति को कार्तिक ने अपने घर पर भी इन्वाइट किया, जहां कार्तिक की फैमिली ने दोनों का दिल खोलकर स्वागत किया। बता दें कि दिनेश विजान के प्रॉडक्शन में बन रही फिल्म लुका छुपी आने वाले 1 मार्च को रिलीज होने जा रही है। यह रोमांटिक-कॉमिडी फिल्म मथुरा शहर के एक लोकल रिपोर्टर गुड्डू की कहानी है जिसे दिल्ली में पढ़ी-लिखी लड़की रश्मि से प्यार हो जाता है और इसके बाद दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगते हैं। फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है जिसे ऑडियंस काफी पसंद कर रही है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

ऐक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को फैंस बुलाते हैं कर्नाटक क्रश

साल 2016 में ऋषभ शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म किरिक पार्टी से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत करने वाली रश्मिका साउथ इंडियन ऐक्ट्रेस रश्मिका मंदाना रियल लाइफ में काफी हॉट और सेक्सी है। अपनी खूबसूरती के अलावा क्यूटनेस और जबरदस्त ऐक्टिंग के लिए फेमस रश्मिका को कर्नाटक क्रश के रूप में भी जाना जाता है। देखिए उनकी कुछ बेहतरीन फोटोज

क्यूटनेस के लिए फेमस हैं मंदाना

रश्मिका का जन्म कर्नाटक के विराजपेट शहर में 5 अप्रैल 1996 को हुआ।

गूगल रैंकिंग में 5वें स्थान पर

रश्मिका 'टॉप ट्रेंडिंग साउथ इंडिया मूवी स्टार-2018' में गूगल रैंकिंग में 5वें स्थान पर रही थीं।

कन्नड़ फिल्म से डेब्यू

रश्मिका ने अपने ऐक्टिंग करियर की शुरुआत साल 2016 में कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी से की थी।

डेब्यू फिल्म में ही 100 करोड़

किरिक पार्टी उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।

डेब्यू शो में मां की भूमिका निभाना चुनौतीपूर्ण है : योगिता बिहारनी

अभिनेत्री योगिता बिहानी (23) का कहना है कि अपने पहले टीवी शो में एक मां की भूमिका निभाना चुनौतीपूर्ण है। 'दिल ही तो है' का प्रीमियर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर पिछले साल जून में हुआ था। इसके कुछ महीने बाद, चैनल ने अपने कदम पीछे हटा लिए। यह अब दूसरे सीजन के साथ लौट आया है, इस बार डिजिटल प्लेटफॉर्म पर। शो के किरदारों में बदलाव किया गया है और नए सीजन में योगिता के किरदार पलक की दो बेटियां हैं। योगिता ने कहा, ''इसे हमेशा से एक सीमित सीरीज बनाया जाना था। हमने चैनल पर पहला सीजन समाप्त कर दिया है और अब हम इसका दूसरा सीजन लेकर आए हैं। मुझे पता था कि इसकी कहानी यही होगी।'' यह पूछे जाने पर कि एक कम उम्र की मां की भूमिका निभाना कैसा अनुभव है, उन्होंने कहा, ''बतौर कलाकार, आपको अलग-अलग किरदार निभाने होते हैं - मां, बेटी, बहन, यहां तक कि शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति का किरदार, यही वजह है कि 23 साल की योगिता बिहानी का मां की भूमिका निभाना अलग चुनौती था क्योंकि मुझे नहीं पता कि बच्चे कैसे व्यवहार करते हैं। मैं अपने भतीजे को देखती हूं और मुझे बच्चे पसंद हैं लेकिन मां होना अलग बात है।''

शो की शूटिंग खत्म हो चुकी है और वह किसी और परियोजना से जुडऩे की जल्दबाजी में नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''मैं कुछ समय के लिए ब्रेक चाहती हूं।''

बॉलिवुड में डेब्यू करेंगी अर्जुन रामपाल की बेटी महिका?

हाल में बॉलिवुड में कई स्टार किड्स में अपना फिल्मों में डेब्यू किया है जबकि कई आने वाले समय में करने जा रहे हैं। इन स्टार किड्स में सारा अली खान, जाह्नवी कपूर और ईशान खट्टर शामिल है जबकि आने वाले दिनों में अनन्या पांडे फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर से डेब्यू करने जा रही हैं। अब इस लिस्ट में एक और नाम जुड़ सकता है और यह नाम है अर्जुन रामपाल की बेटी महिका का।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अर्जुन रामपाल की बेटी अपने बॉलिवुड डेब्यू की तैयारी कर रही हैं। हालांकि वह किस प्रोजेक्ट में काम करने जा रही हैं, इस बात को अभी तक छिपा कर रखा गया है। बता दें कि कुछ दिनों पहले एक इंटरव्यू में अर्जुन रामपाल ने यह खुलासा किया था कि उनकी बेटी हमेशा से बॉलिवुड में ऐक्ट्रेस बनना चाहती हैं। अब फैन्स को एक और स्टार किड के बॉलिवुड डेब्यू का इंतजार रहेगा।

गौरतलब है कि पिछले साल ही अर्जुन रामपाल ने मेहर जेसिया से अपनी 20 साल पुरानी शादी खत्म कर ली थी। हालांकि पत्नी से अलग होने के बाद भी अर्जुन अपनी बेटियों के काफी नजदीक हैं और अक्सर उन्हें अपनी बेटियों के साथ हैंगआउट करते देखा जाता है। वर्क फ्रंट की बात करें तो अर्जुन पिछली बार फिल्म पलटन में दिखाई दिए थे।

इरफान खान नहीं करेंगे हिंदी मीडियम 2

हाल ही में खबर आई थी कि इरफान खान न्यूरोएंड्रोक्राइन ट्यूमर का इलाज करवाकर लंदन से वापस आ चुके हैं। उनके भारत आने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि वह हिंदी मीडियम 2 शुरू करेंगे। चर्चा यह भी थी कि वह जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। हालांकि एक लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, एक सॉर्स ने इन सभी कयासों को गलत बताया है। खबर है कि इरफान फिल्म नहीं करेंगे। रिपोर्ट में इरफान के एक करीबी दोस्त ने बताया है कि वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं और अभी कुछ वक्त तक ऐक्टिंग में वापसी नहीं करेंगे। उनके ठीक होने की प्रक्रिया धीमी और थकाने वाली है। पूरी तरह से ठीक हो जाने के बाद भी उन्हें एक साल तक काम करने की अनुमति नहीं मिलेगी।